# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः 7305/ कु0का0 / 2025 दिनांकः 16/ 09 / 2025

## कार्यालय आदेश

एतद् द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र् 2025–26 हेतु **बी०ए० एल-एल०बी०** एकीकृत पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउन्सिलिंग निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार सम्पन्न होगी।

| क्र०सं० | पाठ्यक्रम | काउन्सिलिंग तिथि एवं समय | काउन्सिलिंग स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | **बी०ए० एल-एल०बी० एकीकृत पंचवर्षीय पाठ्यक्रम** | द्वितीय काउंसिलिंग सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थीयों की काउंसिलिंग एवं प्रवेश दिनांक 19.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक | एकादमिक ब्लाक–01 सेमिनार हॉल |

बी०ए० एल-एल०बी० एकीकृत पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउन्सिलिंग तिथि को निर्धारित समय पर अभ्यर्थी अपने साथ समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं समस्त प्रमाण पत्रों की एक छाया प्रति के साथ काउन्सिलिंग स्थल पर उपस्थित होगें। साथ ही प्रथम समेस्टर का सम्पूर्ण शुल्क रू० 19,265.00 उसी दिन कैश / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / यूपीआई से जमा करना अनिवार्य होगा।

बी०ए० एल-एल०बी० एकीकृत पंचवर्षीय पाठ्यक्रम अभ्यर्थी अपने साथ निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी एक छाया प्रति के साथ काउन्सिलिंग हेतु उपस्थित होगें।

01. कक्षा X एवं कक्षा XII के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र।
02. अन्तिम संस्था का स्थानान्तरण, प्रवजन एवं चरित्र प्रमाण पत्र।
03. आरक्षित श्रेणी (OBC, SC, ST, EWS) का प्रमाण पत्र।
04. निवास प्रमाण पत्र।
05. आधार कार्ड।

बी०ए० एल-एल०बी० एकीकृत पंचवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु द्वितीय काउन्सिलिंग लिस्ट दिनाँक 16.09.2025 को महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जायेगी।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति को, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी
3. उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव
4. मीडिया प्रभारी
5. एजेन्सी को इस आशय से की वेबसाइट पर अपलोड करें।

कुलसचिव